विद्यालय और शिक्षा नीति

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. बिहार के कई विद्यालयों के नामों में 'राजकीयकृत' शब्द क्यों जुड़ा हुआ है ? ऐसा कब से है ? ☐

अथवा

किन्हीं तीन प्रकार के विद्यालयों के नामों को लेकर उनका विश्लेषण करें और यह बताएँ कि उनके नाम के आधार पर क्या-क्या अनुमान लगाया जा सकता है ? ☐

2. बिहार के बुनियादी विद्यालयों की पृष्ठभूमि के बारे में बताएँ । ☐

अथवा

निजी विद्यालयों के प्रति शैक्षिक नीतियों का क्या दृष्टिकोण रहा है ? देश की स्वतंत्रता से अब तक उस दृष्टिकोण में क्या परिवर्तन आए हैं ? संक्षेप में बताएँ । ☐

3. विद्यालय के भवन से उसके इतिहास के विषय में कैसे पता चलता है ? उदाहरणों के माध्यम से समझाएँ । ☐

अथवा

शिक्षा आयोग 1964 ने आगे के दशकों में शिक्षा पर राष्ट्रीय आय के कितने प्रतिशत व्यय की सिफारिश की ? उसे क्यों नहीं माना जा सका ? ☐

4. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2005 ने विद्यालय भवन के संदर्भ में क्या बातें कही हैं ? चार प्रमुख बिन्दु बताएँ । ☐

अथवा

बिहार पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2008 में विद्यालय भवन के संदर्भ में जो कहा गया है, उसके प्रमुख बिन्दुओं को लिखें । ☐

5. पिछले एक दशक में बिहार के शिक्षकों की स्थिति में क्या बदलाव आया है ? उसकी समीक्षा करें । ☐

अथवा

शिक्षा नीतियाँ बनानेवालों का यह मानना है कि अध्यापक के प्रशिक्षण की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए ? ऐसा क्यों होना चाहिए, तर्क दें । ☐

S2·2

6. पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के मध्य के सम्बन्ध को उदाहरण देकर स्पष्ट करें ।

अथवा

क्या पूरे देश में एक पाठ्यक्रम का होना सही है ? क्यों या क्यों नहीं ? नीतियों का उल्लेख करते हुए इस विषय में तर्क प्रस्तुत करें ।

S2·2

7. नई शैक्षिक नीतियों के आधार पर परीक्षा की प्रणाली में क्या बदलाव हुए हैं ? चर्चा करें ।

अथवा

आधुनिक नीतियों का परीक्षा के विषय में क्या मत है ? इसका विश्लेषण करें ।

S2·2

8. आपके अनुसार, आज की परीक्षा व्यवस्था में कौन-कौन से नीतिगत सुधार होने चाहिए ? तर्क के साथ समझाएँ ।

अथवा

पाठ्यक्रम में भाषा के स्थान को कैसे समझा गया है ? आपके विद्यालय में इसे किस प्रकार लागू किया गया है ?

S2·2

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 है ।

9. क्या नीतियाँ सदैव अच्छी होती हैं लेकिन उनका क्रियान्वयन खराब होता है या फिर नीतियों में भी कई प्रकार के दोष होते हैं । इस विषय पर अपने मत को तर्क एवं उदाहरण सहित प्रस्तुत करें ।

अथवा

आज के समय में शिक्षक से सम्बन्धित कौन-कौन से मुद्दे प्रमुख हैं, उनमें से किन्हीं तीन की विस्तृत चर्चा करें तथा साथ में प्रत्येक से सम्बन्धित कम से कम एक नीति की समीक्षा करें ।

S2·2

10. आज के पाठ्यक्रम के उद्देश्यों के प्रमुख आधार क्या हैं और ये पहले के उद्देश्यों से किस प्रकार अलग या समान हैं ? उदाहरण देकर समझाएँ तथा उनकी विस्तृत समीक्षा करें ।

अथवा

आप जिस परीक्षा प्रणाली से गुजर कर आए हैं और आज विद्यालयों में जिस प्रकार की परीक्षा प्रणाली है, उसका तुलनात्मक विश्लेषण करें ।